श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के B.Ed. Integrated पाठ्यक्रम की प्रवेश परीक्षा का आयोजन राष्ट्रीय दृष्टिदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान, देहरादून में किया गया तथा प्रवेश परीक्षा का परिणाम मात्र दो घण्टे में किया गया घोषित।

विश्वविद्यालय द्वारा किए गए एतिहासिक कार्य से छात्रों को होगी सुविधा।

मात्र एक ही संस्थान को इंटिगृग्रेटेड बी.एड. संचालन हेतु मान्यता प्रदान की गई है।

श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय के बी.एड. इंटीग्रेटेड जिसमें बीएससी बीएड और बी.ए. बी.एड. के कोर्स संचालित किए जाते हैं जिसकी प्रवेश परीक्षा आज दिनांक 4 सितंबर 2022 को विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित प्रवेश परीक्षा केंद्र राष्ट्रीय दृष्टि दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान देहरादून में संपन्न हुई विश्वविद्यालय द्वारा

बीएससी बीएड और बीए बीएड हेतु केवल एक ही संस्थान पेस्टलवीड कॉलेज देहरादून को मान्यता प्रदान की गई है जिसमें कुल 100 सीटें निर्धारित है बीएससी बीएड में 50 तथा बीए.बीएड में 50 सीटें निर्धारित की गई है । विश्वविद्यालय द्वारा बीएससी बीएड तथा बीए बीएड B.Ed इंटीग्रेटेड कोर्स पाठ्यक्रम वर्ष 2020 में प्रारंभ किया गया जिसके तहत बहुत से संस्थानों द्वारा संबद्धता हेतु श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय में आवेदन किए गए विश्वविद्यालय द्वारा सिर्फ एक ही संस्थान को मान्यता प्रदान की गई है। वर्तमान में बी.एड इंटिग्रेटेड सत्र 2022-26 हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय द्वारा एक ही दिन में प्रवेश परीक्षा का आयोजन तथा उसका परिणाम घोषित करना अपने आप में एतिहासिक है। बी.एड इंटिग्रेटेड पाठ्यक्रम की 100 सीटों पर प्रवेश हेतु 200 से अधिक छात्र छात्राओं द्वारा आवेदन किया गया तथा प्रवेश परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत् रहा है।

विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. पी.पी. ध्यानी द्वारा बताया गया कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र को नियंत्रित करने के उद्देश्य से प्रवेश परीक्षा तथा प्रवेश परीक्षा का परिणाम एक ही दिन में घोषित किया गया जो अपने आप में ना केवल एक इतिहास बलकी एक नजीर भी है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में मानव संसाधनों की लगातार कमी बनी हुयी है बावजूद इसके विश्वविद्यालय के अधिकारी तथा कर्मचारी लगातार छात्र हित में कार्य कर रहे हैं। डॉ. पी.पी. ध्यानी नें कहा कि इंटिग्रेटेड बीएड. एक रोजगार परक व्यवसायिक पाठ्यक्रम है जिससे छात्र-छात्राओं को केरियर बनानें में मदद मिलेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री खेमराज भट्ट ने बताया कि छात्र हित को देखते हुए अधिकारी तथा कर्मचारी

अवकाश के दिनों में भी कार्य कर रहे हैं. जिससे विश्वविद्यालय में कार्यों को अंजाम तक पहुँचाया जा रहा है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. बी.पी. श्रीवास्तव ने कहा कि कोविड—19 के कारण चरमराई परिक्षा प्रणाली को नियंत्रित करना विश्वविद्यालय का उद्देश्य है जिससे समय पर छात्र छात्राओं को उनके परीक्षा परिणाम तथा अन्य प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करवाए जा सकें। इंटिग्रेटेड बीएड प्रवेश परीक्षा के समन्वयक व विश्वविद्यालय के सहायक परीक्षा नियंत्रक डॉ हेमंत बिष्ट नें कहा कि परीक्षा तथा परीक्षा परिणाम संवेदनशील कार्य हैं जिनकी गोपनीयता बनाए रखना व समयबद्धता के साथ कार्य पूर्ण करना चुनौतिपूर्ण है, लेकिन विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारियों के समन्वय से छात्रहित में कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के इंटिग्रेटेड बीएड सत्र 2022-26 प्रवेश परीक्षा तथा उसका परिणाम घोषित करने वाली टीम के साथ राष्ट्रीय दृष्टिदिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान के निदेशक डॉ. हिमांग्सू दास, संस्थान के चिकित्सा मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुरेन्द्र ढालवाल तथा संस्थान के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। संस्थान के निदेशक डॉ हिमांग्सू दास ने विश्वविद्यालय के प्रयोसों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय तथा संस्थान आपस में समनवय करते हुए मानव सेवा का नया आयाम स्थापित करेंगे। एवं दिव्यांगजनों के साथ ही जन सामान्य को समाज सेवा तथा देश सेवा की भावना जाग्रत करने के उद्देश्य से प्रदेश तथा राष्ट्रीय सतर के कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। माननीय कुलपति द्वारा समयबद्ध परीक्षा परिणाम को घोषित करने को एतिहासिक बताते हुए सम्पूर्ण टीम मेम्बर्स की सराहना की।

कुलसचिव

डॉ. के.आर भट्ट